# एक्सप्रेस वे सहित सात हाईवे पर लगेंगे चार्जिंग प्वाइंट

**तैयारी**

- एनएचएआई की एजेंसी रोडवेज निगम के साथ दस प्वाइंट पर एक माह में किया गया सर्वे

**प्रतापगढ़, संवाददाता।** गंगा एक्सप्रेस-वे सहित जिले से गुजरे सात हाईवे पर दो जनपदों के मध्य 100 किलोमीट की दूरी पर ई- वाहनों की सुविधा के लिये ई- चार्जिंग प्वाइंट बनाने की तैयारी एनएचएआई, यूपीएसआरटीसी कर रहा है। जनपद के अलग- अलग हाईवे के आसपास दस प्वाइंट पर एक माह के भीतर सर्वे किया गया है। अभी चार्जिंग प्वाइंट एरिया तय नहीं हो सका है। प्रयागराज रोडवेज निगम के अधिकारियों संग एनएएचआई की एजेंसी ई- वाहनों की चार्जिंग सुविधा के लिये 100 किमी की दूरी के मध्य चार्जिंग प्वाइंट बनाने की तैयारी कर रही है। प्रयास है कि गंगा एक्सप्रेस वे, कानपुर राजमार्ग, प्रयागराज-लखनऊ, प्रयागराज-अयोध्या, लखनऊ-वाराणसी, प्रतापगढ़-जगदीशपुर राजमार्ग, वाराणसी-चांदा राजमार्ग पर चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाय। लगभग 10 बिस्वा जमीन पर चार्जिंग प्वाइंट बनाने के साथ वाहनों की पार्किंग सुविधा भी रहेगी। चार्जिंग प्वाइंट बिजली आपूर्ति के साथ ही सोलर एनर्जी से बिजली आपूर्ति की सुविधा रहेगी। अलग- अलग हाईवे पर मोहनगंज, बिहारगंज, ढकवा, कोहड़ौर, राजगढ़, जगनीपुर, संग्रामगढ़, कुंडा, नवाबगंज, कालाकांकर के आसपास एक माह में सर्वे किया गया है। फिलहाल अभी रोडवेज निगम, एनएचआई की एजेंसी की ओर चार्जिंग प्वाइंट का स्थान तय नहीं किया गया है। दरसअल जनपद में ई- वाहनों का चार्जिंग प्वाइंट नहीं होने से डिपो की ओर से ई- बसों की आपूर्ति लेने से इनकार किया गया है। उम्मीद है कि चार्जिंग प्वाइंट बनने के बाद रोडवेज निगम के बेड़े में ई- बसों की संख्या बढ़ेगी।

> “जनपद के अलग– अलग राजमार्ग, गंगा एक्सप्रेस के आसपास प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अफसर, एनएचएआई के अफसर व निजी एजेंसी सर्वे करा रही है। सर्वे पूरा होने के बाद ही चार्जिंग प्वाइंट बनेंगे। चार्जिंग प्वाइंट बनने के बाद ई– बसों की आपूर्ति होगी।
>
> –**आरपी सिंह**, एआरएम रोडवेज